## प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

# "संवाद से सुरक्षा, विश्वास से स्वाभिमान — मिशन शक्ति से सशक्त बने हर नारी की पहचान।"

## 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत 'संवाद, सुरक्षा एवं विश्वास दिवस' का आयोजन

दिनांक 31.08.2026

जनपद सीतापुर में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन तथा उनमें पुलिस के प्रति विश्वास सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सीतापुर के निर्देशानुसार जनपद के समस्त थानों द्वारा विशेष अभियान 'संवाद, सुरक्षा एवं विश्वास दिवस' का सफल आयोजन किया गया। जिसमें समस्त थानों की महिला सुरक्षा टीमों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत-

महिलाओं व बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित कर सुरक्षा एवं सहायता का भरोसा दिलाया गया तथा चयनित संस्थानों में 'साइबर सुरक्षा क्लिनिक' का आयोजन; साइबर विशेषज्ञों ने बचाव के टिप्स दिये। इस दौरान प्राप्त शिकायतों पर तत्काल वर्गीकरण कर कानूनी कार्यवाही, परामर्श एवं सहायता की गई सुनिश्चित की गयी। जनपद के प्रत्येक मिशन शक्ति केंद्र (MSK) की टीमों द्वारा **'ओपन MSK / मिशन शक्ति संवाद कार्यक्रम'** आयोजित किए गए। इस दौरान पुलिस/ MSK पुलिसकर्मियों द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को निसंकोच अपनी समस्याएं साझा करने तथा पुलिस से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही, जनपद के चयनित शिक्षण एवं सार्वजनिक संस्थानों में विशेष 'साइबर सुरक्षा क्लिनिक' का आयोजन किया गया। इनमें साइबर विशेषज्ञ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा **महिलाओं को ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया सुरक्षा प्रोफाइल एवं साइबर स्टॉकिंग जैसी समस्याओं से बचाव के लिए व्यावहारिक एवं महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान किए गए।** अभियान के दौरान प्राप्त होने वाली प्रत्येक कार्यवाही योग्य सूचना का तत्परता से वर्गीकरण करते हुए गंभीर मामलों में तत्काल कानूनी कार्यवाही, पारिवारिक विवादों में परामर्श व रेफरल सहायता तथा स्थानीय स्तर पर महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया गया।

इस 'संवाद, सुरक्षा एवं विश्वास' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केवल औपचारिक आयोजनों तक सीमित न रहकर महिलाओं को पुलिस एवं महिला सहायता केंद्र (MSK) तक 24x7 निरंतर, सहज और सुलभ पहुँच प्रदान करना है, जिससे वे समाज में स्वयं को पूर्णतः सुरक्षित महसूस कर सकें।

सीतापुर पुलिस महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर एवं कटिबद्ध है।


गुरुनानकविद्या मन्दिर इण्टर कालेज
जहाँगीराबाद, हरगाँव-सीतापुर
प्रधानाचार्य
प्रबन्धक
9979238873




MODERN FUTURE ACADEMY
GOOD HABITS








जय माँ शीतला
श्री





उत्तर प्रदेश पुलिस